DNA: बाजार में इलेक्ट्रिक स्कूटी भी नकली, चौंकाने वाला खुलासा

आपने नकली मसालों और नकली दवाओं के बारे में सुना होगा . यहां तक की नकली देसी घी की ख़बर भी आपने देखी होगी. लेकिन क्या आपने कभी नकली इलेक्ट्रिक स्कूटी के बारे में सुना है. हो सकता है नकली इलेक्ट्रिक स्कूटी की बात आपको थोड़ी अजीब लगे. लेकिन ये सच है.

बाजार में जिस तरह Branded के नाम पर नकली मसाले और दवाईयां बेची जा रही हैं. उसी तरह इलेक्ट्रिक स्कूटी की डिमांड को देखते हुए, नकली स्कूटी भी बिक रही हैं. इसका खुलासा आगरा पुलिस ने किया है, जिसने एक शोरूम पर छापा मारकर 7 नकली इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद की.

नामी कंपनी के स्टिकर लगाकर

आगरा के रकाबगंज थाने में खड़ी इन स्कूटी को एक नामी कंपनी के स्टिकर लगाकर बेचा जा रहा था, देखने में तो ये बिल्कुल Branded स्कूटी लगती थी, कोई इन्हें देखकर नहीं कह सकता था कि ये नकली इलेक्ट्रिक स्कूटी है. लेकिन इन्हें जुगाड़ से असेंबल किया गया था. बिना किसी पैमाने के बैट्री और वायरिंग की गई थी.

Source: https://zeenews.india.com/hindi/crime/fake-electric-scooty-in-market-agra-police-shocking-revelation/2260891